
संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर––पृष्ठ 03 दिनांक 18/02/2021

## मकड़ावन गली में सीवरेज की खुदाई से यह हालत, दिनभर गड्ढों में भरा रहता है पानी



रतलाम | स्टेशन रोड से लगी मकड़ावन गली में सालों से सड़क नहीं बनी है। सीवरेज की खुदाई ने तो सड़क की हालत और खराब कर दी। सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल जैन ने बताया कि वार्ड में सड़क निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। बावजूद मकड़ावन गली को छोड़ दिया है। सालों से डामरीकरण नहीं हुआ है। आखिर सड़क का निर्माण क्यों नहीं किया जा रहा है। रहवासी बाबूलाल मेहता, मनमोहन शर्मा, हेमंत भाई, गोपाल मेहता, गुणमाला, मालती जैन, पिंकी चौहान, निशा गढ़वाल सहित क्षेत्र के रहवासियों ने जल्द सीसी रोड बनाने की मांग की है।

## 766 निगमकर्मियों ने लगवाया कोरोना का टीका, आज भी चार स्थानों पर लगेंगे

रतलाम | कोरोना टीकाकरण अभियान में बुधवार को 451 निगमकर्मियों ने टीका लगवाया। इससे पहले 315 लगवा चुके हैं। बुधवार को डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड, अलकापुरी, जवाहरनगर, सुभाषनगर कम्यूनिटी हाल में वैक्सीन सेंटर बनाकर टीका लगाया गया। 18 फरवरी को भी सुबह 8.30 बजे से उक्त चारों स्थान पर टीका लगाया जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 09 दिनांक 18/02/2021

# 'पहले आप पानी पीजिए फिर आपकी सुनवाई मैं करूंगा'

## जनसुनवाई में आई वृद्धा से बोले एसडीएम

भास्कर संवाददाता | पिपलौदा

कई बार आवेदन देने के बाद भी एक वृद्धा का नाम पीएम आवास योजना में नहीं आने पर वे पैदल-पैदल नगर परिषद के प्रशासक व एसडीएम राहुल धोटे के पास पहुंची। यहां पहुंचने पर वे थक गईं। यह देख एसडीएम ने कहा मांजी आप पहले पानी पीजिए आपकी सुनवाई मैं करूंगा।

अंगू चंद्रवंशी ने बताया पति पैरालिसिस में हैं व उनके पास भूमि या अन्य व्यवसाय का कोई साधन नहीं है बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर वृद्धा को मदद का भरोसा दिलाया।



वृद्धा को पानी का गिलास देते हुए एसडीएम।

### किस्त का मामला शासन का, जांच की जा रही है

▪ प्रधानमंत्री आवास योजना में किस्त का मामला शासन स्तर का है। इसके अलावा जो आवेदन प्राप्त हुए है उनकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

राहुल धोटे, एसडीएम

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के जवाब पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

रतलाम. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण को लेकर कलेक्टर ने कुछ अधिकारियों पर नाराजगी जताई है। कलेक्टर गोपाल चंद डाड द्वारा इस संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इसमें उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें।

राजस्व विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता से चर्चा करें, उसके घर जाकर उससे बात करें उसकी संतुष्टि के बाद ही फोर्स क्लोज किया जाए। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के जवाब गुणवत्तायुक्त हो, निम्न श्रेणी जवाब नहीं लिखे जाएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में जारी वैक्सीनेशन के तहत पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मियों द्वारा सर्वाधिक वैक्सीनेशन करवाया जा चुका है जबकि राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की संख्या कम है। प. प्रिका/

## शिकायतकर्ता से चर्चा करके ही शिकायत बंद करें

रतलाम। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का अधिकारी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। राजस्व विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता से घर जाकर बात करें। संतुष्टि उपरांत ही फोर्स क्लोज किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद डाड ने बुधवार को समयसीमा पत्रों की समीक्षा के दौरान दिए। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के जवाब गुणवत्तायुक्त हो, निम्न श्रेणी जवाब नहीं लिखे जाएं। इस संबंध में आलोट तथा जावरा तहसील द्वारा दिए गए उत्तरों पर नाराजगी व्यक्त की गई।

दै. भास्कर

# तीन मार्च तक तैयार हो जाएगी निकाय चुनाव की मतदाता सूची

इंदौर(नईदुनिया प्रतिनिधि)। निकाय चुनाव में हो रही लेटलतीफी को लेकर हाई कोर्ट में चल रही जनहित याचिकाओं में चुनाव आयोग का जवाब आ गया। आयोग का कहना है कि तीन मार्च तक मतदाता सूची तैयार हो जाएगी। इसके बाद चुनाव कराए जा सकते हैं। याचिकाओं में अब तक शासन का जवाब नहीं आया है। बुधवार को सरकारी वकील ने जवाब पेश करने के लिए एक सप्ताह का समय मांग लिया। न्यायालय अब मामले में 25 फरवरी को सुनवाई करेगा।



निकाय चुनाव को लेकर हाई कोर्ट में दो याचिकाएं चल रही हैं। बुधवार को दोनों ही में एक साथ सुनवाई हुई। पहली याचिका इंदौर निवासी भरत पारीख ने दायर की है तो दूसरी धार के सरदारपुर निवासी तोलाराम गामड़ ने। याचिका में कहा है कि प्रदेश में निकाय के चुनाव लंबे समय से लंबित हैं। सरकार कोरोना महामारी के नाम पर इन्हें टाल रही है, लेकिन दूसरी तरफ प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव करवाए गए। इसके अलावा भी कई प्रदेशों में विधानसभा चुनाव हुए हैं। प्रदेश सरकार जब विधानसभा सीटों पर उप चुनाव करवा सकती है तो फिर निकाय चुनाव कराने में क्या दिक्कत है। याचिकाओं में यह भी कहा है कि प्रदेश में कोरोना का प्रकोप शहरों के मुकाबले गांवों में बहुत कम है।

**चुनाव आयोग का पक्ष**

- **न्यायालय अब मामले में 25 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा**
- **शासन ने हाई कोर्ट से जवाब के लिए मांगा एक सप्ताह का समय**

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– स्वदेश ––पृष्ठ 10 दिनांक 18/02/2021

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं - कलेक्टर

### समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

रतलाम ● स्वदेश समाचार

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए गए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सालाखेड़ी चौराहे पर कोई भी वाहन दुर्घटना नहीं हो, जान माल का नुकसान नहीं हो। इसके लिए एमपीआरडीसी के अधिकारी ट्रैफिक पुलिस के साथ कार्य योजना बनाकर रोकथाम के इंतजाम करें। अधिकारी स्पॉट पर जाएं और देखें कि किस प्रकार दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं।

## अधिकारी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें

बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों के कार्यों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में निर्देशित किया कि अधिकारी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। राजस्व विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता से चर्चा करें, उसके घर जाकर उससे बात करें उसकी संतुष्टि उपरांत ही फोर्स क्लोज किया जाए। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के जवाब गुणवत्तायुक्त हो, निम्न श्रेणी जवाब नहीं लिखे जाएं। इस संबंध में आलोट तथा जावरा तहसील द्वारा द्वारा दिए गए उत्तरों पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में जारी वैक्सीनेशन के तहत पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मियों द्वारा सर्वाधिक वैक्सीनेशन करवाया जा चुका है जबकि राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की संख्या कम है। कलेक्टर द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राजस्व अमले को वैक्सीनेशन सेंटर पर ज्यादा ज्यादा संख्या में लाया जाकर वैक्सीनेशन करवाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। स्वदेश

## हाईवे पर रंबल स्ट्रिप लगाए

एमपीआरडीसी के अधिकारी श्री मुले ने बताया कि सालाखेड़ी चौराहे पर ड्रम लगाकर वाहनों की गति धीमी करने का प्रयास किया गया है ताकि दुर्घटना नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि जहां जरूरत हो रतलाम शहर के साथ हाईवे पर रंबल स्ट्रिप लगाए जा सकते हैं। एमपीआरडीसी दुर्घटना संभावित स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश का भी इंतजाम करें। इसके लिए सोलर लाइट सिस्टम भी लगाए जा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने भी दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक सुझाव तथा निर्देश दिए।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं : कलेक्टर डाड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सालाखेड़ी चौराहे पर कोई भी वाहन दुर्घटना नहीं हो, जान माल का नुकसान नहीं हो। इसके लिए एमपीआरडीसी के अधिकारी ट्रैफिक पुलिस के साथ कार्य योजना बनाकर रोकथाम के इंतजाम करें। अधिकारी स्पॉट पर जाएं और देखें कि किस प्रकार दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। एमपीआरडीसी के अधिकारी श्री मुले ने बताया कि सालाखेड़ी चौराहे पर ड्रम लगाकर वाहनों की गति धीमी करने का प्रयास किया गया है ताकि दुर्घटना नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि जहां जरूरत हो रतलाम शहर के साथ हाईवे पर रंबल स्ट्रिप लगाए जा सकते हैं। एमपीआरडीसी दुर्घटना संभावित स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश का भी इंतजाम करें। इसके लिए सोलर लाइट सिस्टम भी लगाए जा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने भी दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक सुझाव तथा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों के कार्यों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में निर्देशित किया कि अधिकारी संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। राजस्व विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता से चर्चा करें, उसके घर जाकर उससे बात करें उसकी संतुष्टि उपरांत ही फोर्स क्लोज किया जाए। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के जवाब गुणवत्तायुक्त हो, निम्न श्रेणी जवाब नहीं लिखे जाएं। इस संबंध में आलोट तथा जावरा तहसील द्वारा द्वारा दिए गए उत्तरों पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में जारी वैक्सीनेशन के तहत पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मियों द्वारा सर्वाधिक वैक्सीनेशन करवाया जा चुका है।

अवन्तिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 07 दिनांक 18/02/2021

# रतलाम पुनः बनेगा मालवा का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र

## -विधायक काश्यप बोले-नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त, प्रत्येक झुग्गी वासी को मिलेगा फ्लेट





**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा। उक्त उद्गार विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाये जा रहे रतलाम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर व्यक्त किये।

श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाऐं बन रही है। नगर में उद्योग लगने से नगर के युवाओं को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि रतलाम राज्य की स्थापना बसंत पंचमी पर आज ही के दिन हुई थी हम सभी को मिलकर रतलाम के गौरव के लिये रतलाम नगर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाना चाहिये। २।५

## मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर हुई परिचर्चा

# अगले पांच साल बाद देश के बड़े शहरों की गिनती में होगा रतलाम

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



रतलाम. शहर की अक्सर इंदौर से तुलना की जाती है। हम सभी प्रयास कर रहे है कि शहर की तस्वीर व तकदीर को मिलकर बदला जाए। इसके लिए सामुहिक प्रयास जारी है व अगले पांच साल बाद शहर देश के बड़े शहरों में आने लगेगा। रतलाम की सेव कई जगह मिलती है, लेकिन हमने पेटेंट करवा लिया है, अब रतलाम के कारिगर के अलावा नाम का उपयोग कोई नहीं कर पाएगा।

यह सब बात बुधवार को मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर परिचर्चा में कही गई। अवसर था रतलाम के स्थापना दिवस के दौरान रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिन के कार्यक्रम के समापन अवसर का। सागोद रोड स्थित निजी मैरिज गार्डन में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, शिक्षाविद् डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला व वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी ने विचार रखें।

शहर विधायक काश्यप ने कहा कि शहर को झुग्गी मुक्त करने के लिए कार्य की शुरुआत हो गई है। हाल ही में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने डोसीगांव में 100 परिवार को झुग्गी से स्वयं के फ्लैट में प्रवेश करवाया है। शिक्षाविद डॉ. चांदनीवाला ने कहा कि सोशल मीडिया में रतलाम की पहचान ट्रीपल एस नहीं, बल्कि अपराध से जुड़े एक अतिरिक्त एस से भी होती है। यह हर्ष का विशय है कि प्राचिन मुर्तियां निकल रही है, वो भी परमार काल की। इससे यह सिद्ध होता है कि शहर का इतिहास काफी पूर्व का है।

### भेदभाव हो रहा है

वरिष्ठ पत्रकार जोशी ने कहा कि सत्ता ने सदा रतलाम के साथ भेदभाव किया है। अब जब सरकार है तो शहर को मंत्रीमंडल में स्थान मिलना चाहिए, लेकिन इसमे भी भेदभाव हो रहा है। इसके लिए सभी को मिलकर आवाज उठाने की जरुरत है। अतिथियों का स्वागत उत्सव समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, सदस्य गोपाल शर्मा, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि ने किया। 5/3/21

### रतलाम नगर शीघ्र होगा झुग्गी मुक्त प्रत्येक झुग्गी वासी को मिलेगा फ्लेट : काश्यप

# रतलाम पुनः बनेगा मालवा का प्रमुख व्यावसायिक केब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

नगर के प्रत्येक झुग्गीवासी व आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट दिये जाने के लिये हम कटिबद्ध है तथा इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। झुग्गीवासियों को फ्लेट मिलने के बाद रतलाम नगर झुग्गी मुक्त होगा।

उक्त उद्गार विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप ने नगर निगम रतलाम एवं रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाये जा रहे रतलाम स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नगर का चंहुमुखी विकास तभी होगा जब शहर के प्रत्येक झुग्गीवासी, गरीब व आवासहीन परिवारों का अपना स्वंय का पक्का मकान हो। व्यक्ति के पास स्वंय का मकान होने पर स्वंयमेव ही उस परिवार का विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जब विकास होता है तो नगर का भी विकास होता है।

काश्यप ने कहा कि रतलाम नगर को पुनः मालवा का प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिये तेजी कार्य किया जा रहा है जिससे नगर में उद्योग व व्यापार की अवधारणाएँ बन रही है। नगर में उद्योग लगने से नगर के युवाओं को अपने ही नगर में ही रोजगार उपलब्ध होगा व व्यापार बढ़ेगा।



उन्होंने कहा कि रतलाम राज्य की स्थापना बसंत पंचमी पर आज ही के दिन हुई थी हम सभी को मिलकर रतलाम के गौरव के लिये रतलाम नगर की वर्षगांठ धूमधाम से मनाना चाहिये क्योंकि वर्षगांठ गौरव का विषय होता है। श्री काश्यप ने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति व नगर निगम मिलकर रतलाम का स्थापना दिवस मना रही है, शासन, प्रशासन व जनसेवी संस्थाएँ मिलकर जो भी आयोजन करती है वह आयोजन सफल होता है रतलाम स्थापना दिवस उसी का सक्षम उदाहरण है।

श्री काश्यप ने कहा कि सीवरेज एक कड़वी गोली है पर हमें इसे लेना होगी क्योंकि आज हम थोड़ी सी तकलीफ सह लेंगे तो आने वाले वर्षों में गंदे पानी की समस्या से मुक्त होने के साथ ही बीमारी एवं मच्छरों से भी मुक्त होंगे। रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि जिस सोच के तहत रतलाम नगर बसाया था आज उसी सोच के तहत रतलाम दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही नगर साफ-स्वच्छ-सुन्दर भी बन रहा है। उन्होंने इस अवसर पर नगर में चल रही विकास की योजनाओं से विस्तृत रूप से अवगत कराया।

उदबोधन के पूर्व चेतन्य काश्यक
सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण
प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरु
तत्पश्चात नगर निगम तिराहे स्थि
राज्य के जनक रतनसिंह की प्र
माल्यर्पण किया। उद्बोधन पश्चात
कार्यालय परिसर में 'रतलाम कल
कलइ प्रदर्शनी का शुभारंभ फीत
किया। प्रारंभ में मुख्य अतिथि चेत
का स्वागत निगम आयुक्त सोमनाि
रतलाम स्थापना महोत्सव समि
प्रवीण सोनी, संयोजक मुन्नालाल
भाजपा नेता कन्हैयालाल मौर्य,
अनोखीलाल कटारिया, पूर्व मह
सदस्य एवं पार्षद प्रेम उपाध्याय,
भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटे
धभाई, अशोक यादव, श्रीमती ल
श्रीमती अनिता कटारा, मंडल अ
डागा, निलेश गांधी, मयूर पुरोहित
अध्यक्ष जयवंत कोठारी के अ
शर्मा, राजेश कटारिया, राजे
रजनीश गोयल, दिनेश सोलंकी,
लक्ष्मीनारायण गेहलोत, संज
मुरलीधर गुर्जर, एम.के. जैन
अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्प
गया। कार्यक्रम का संचालन
किया व आभार निगम आ
झारिया ने माना।

**रतलाम स्थापना दिवस समारोह** प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम विषय पर परिचर्चा आयोजित

# कुछ सालों में ही महानगर की श्रेणी में

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर और नागरिकों का समुचित विकास ही हमारा लक्ष्य है। आने वाले कुछ सालों में रतलाम नगर महानगर की श्रेणी में खड़ा होगा। यह बात रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शृंखला में बुधवार को प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम विषय पर परिचर्चा में मुख्य वक्ता शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कही।

काश्यप ने झुग्गी मुक्त रतलाम, गोल्ड काम्प्लेक्स और रिडेंसीफिकेशन योजना के कार्यों, 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर विशेष निवेश क्षेत्र, मेडिकल कॉलेज सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, साड़ी काम्प्लेक्स, नमकीन क्लस्टर के विस्तार और जीआई टैगिंग से प्रसिद्धि, अल्कोहल प्लांट की भूमि पर औद्योगिक विकास, विश्व विद्यालय स्थापना के प्रयासों की जानकारी दी। काश्यप ने इस आशय का घोषणा पत्र जारी करने का आह्वान भी किया कि रतलाम के पुराने




जैएमडी पैलेस में दीप प्रज्वलित कर परिचर्चा का शुभारंभ करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप आदि। ● नईदुनिया

कलेक्टोरेट परिसर को संग्रहालय बनाया जाए। परिचर्चा का शुभारंभ विधायक काश्यप, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल चपलोत, वरिष्ठ शिक्षाविद् डा. मुरलीधर चांदनीवाला, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, मंगल लोढ़ा आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

संयोजक मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि छोटे से स्वरूप में इस महोत्सव की शुरुआत की थी, जो आज वटवृक्ष का रूप ले चुकी है।

## 'गरीबों से शुल्क वसूली बंद हो'

वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल चपलोत ने कहा कि शहर में सड़क किनारे फुटकर व्यापार करने वाले गरीब फल, सब्जी आदि बेचने वा शुल्क वसूली करना चाहिए।

**धरोहर को संजोए**

वरिष्ठ पत्रकार

---

...ल रोके जाने के संबंध में किसी किसान संगठन ने अधिकृत घोषणा नहीं की है, लेकिन रेल प्रशासन अलर्ट है। रेलवे सुरक्षा बल भी तैनात किया गया है।

फांसी व... हुई है। ... को फांस... का पह...

...रने के लिए वन प्रबंधन संस्थान

# ...र देगा मालवा-



अंजन का पेड़। ● सौजन्य

● अंज... पीढ़ि... के च... है। प... की म... 11 ... भैंस, ... जान... तक ... ग्रामी... पतिय...

वन विभाग के मुताबिक 40 साल पहले मालवा-निमाड़ क्षेत्र में ही अंजन के 60 से 70 लाख पेड़ हुआ करते थे। मगर इन दिनों अवैध कटाई की वजह से महज 28 से 30 लाख पेड़ बचे हैं। अब इंदौर, धार, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, नीमच,

रतलाम, ... रोपने की ... गर्मी में भ... डिग्री से ले... तक सह... पानी की ...

---

# मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा 107 निकायों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूरा

भोपाल, (प्रसं)। मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक, केएफडब्ल्यू और विशेष निधि की सहायता से 107 नगरीय निकायों में जल-प्रदाय एवं मल-जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क के रेस्टोरेशन के लिए मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा 12 जनवरी से 15 फरवरी तक रोड रेस्टोरेशन अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह द्वारा भी विगत दिनों समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए थे कि आम नागरिकों की सुविधा का विशेष तौर पर ध्यान रखते हुए समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। कंपनी के मुख्य अभियंता विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान प्रदेशभर के 107 निकायों में 518 किलोमीटर की लम्बाई में अस्थाई रोड रेस्टोरेशन किया गया एवं 561 किलोमीटर की लंबाई में स्थाई रोड रेस्टोरेशन के कार्य किए गए। अस्थाई रोड रेस्टोरेशन कार्य खुदाई के 24 घंटे के अंदर एवं स्थाई रेस्टोरेशन कार्य 15 दिनों के अंदर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।


2/5

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 05 दिनांक 18/02/2021

**परिचर्चा** • रतलाम स्थापना समिति द्वारा 'प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम' विषय पर रखे विचार

# संपूर्ण विकास ही लक्ष्य, कुछ सालों में महानगर-सा होगा रतलाम : काश्यप





दीप प्रज्वलित कर परिचर्चा का शुभारंभ करते विधायक काश्यप व अन्य अतिथि। दूसरे चित्र में जेएमडी पैलेस में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिक।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर आने वाले कुछ सालों में महानगर की श्रेणी में खड़ा होगा। शहर और नागरिकों का समुचित विकास ही हमारा लक्ष्य है।

यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम स्थापना महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार को सागोद रोड स्थित जेएमडी पैलेस में हुई परिचर्चा में कही। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन रतलाम स्थापना महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने दिया। इसके बाद प्रगति के पथ पर मेरा रतलाम विषय पर हुई परिचर्चा के मुख्य वक्ता विधायक काश्यप ने झुग्गी मुक्त नगर के लिए हो रहे काम, गोल्ड कॉम्प्लेक्स और रिडेंसिफिकेशन योजना, 8 लेन एक्सप्रेस-वे, विशेष निवेश क्षेत्र, मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साड़ी कॉम्प्लेक्स, नमकीन क्लस्टर विस्तार, अल्कोहल प्लांट की जमीन पर इंडस्ट्रियल पार्क और विश्वविद्यालय स्थापना के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। विधायक काश्यप ने पुराने कलेक्टोरेट परिसर को संग्रहालय बनाने की बात भी कही। उनके बाद शिक्षाविद् डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, पत्रकार शरद जोशी, चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएल चपलोत ने भी विषय को प्रतिपादित किया।

### ये रहे उपस्थित

मुन्नालाल शर्मा, प्रवीण सोनी, मंगल लोढा, प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धबाई, भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटेल, राजेश माहेश्वरी, रजनीश गोयल, आदित्य डागा, रामजी डोई, ललित दख, राकेश नाहर, महेंद्र मूणत, अनिल कटारिया, विनोद राठोर, राजेश कटारिया, सुनील, राकेश परमार आदि।

## शिक्षक सांस्कृतिक संगठन और राजा भोज जनकल्याण सेवा समिति ने भी परिचर्चा की

शिक्षक सांस्कृतिक संगठन ने बसंत पंचमी पर ऑनलाइन परिचर्चा की। इसमें साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. सुलोचना शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुभाष कुमावत, संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा, दिलीप वर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी आरसी तिवारी, कृष्णचंद्र ठाकुर, राधेश्याम तावड़े, रमेश उपाध्याय सहित ने विचार रखे। इसी प्रकार राजा भोज जनकल्याण सेवा समिति ने पं. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती और रतलाम स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी की। इसमें साहित्यकार डॉ. जयकुमार जलज, साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला मुख्य वक्ता रहे। संस्था अध्यक्ष नरेंद्रसिंह पंवार, व्याख्याता डॉ. मुनींद्र दुबे आर सी पाठक, जुबेर आलम कुरैशी, रामप्रताप सिंह राठौर ने भी अपने विचार रखे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण––––पृष्ठ 02...दिनांक..18/02/...2021

# कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है, किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रूट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है, ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नीम चौक क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत मुकेश कुमार, श्री स्टील पर 500-500, राजेन्द्र पांचाल पर 300, धापुबाई, कौशल्याबाई, दुर्गा, दिनेश, गोवर्धन, संदीप, पवन, हेमराज, ओमप्रकाश व चंचल पर 50-50 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाइश दी गई। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के. जैन, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्रसारण

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है, वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरा निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है, तो संबंधितो को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। प्रसारण

# चांदनी चौक क्षेत्र में 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान बुधवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर चांदनी चौक क्षेत्र के 5 दुकानदार व फुटकर व्यापारियों पर जुर्माना लगाया गया। इनमें धानमंडी के प्रकाश पर 1000 रुपए, जगदीश मंत्री पर 500 रुपए, अब्बास भाई चांदनी चौक पर 250 रुपए, राजेश माली, शोएब चांदनी चौक पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। आयुक्त झारिया ने बताया कचरा पात्र नहीं रखने और जमीन पर बैठकर व्यवसाय करने वालो पर 50 रुपए तथा ठेलागाड़ी पर व्यवसाय करने वालों पर 100 रुपए का फाइन लगाया जाएगा। साथ ही सामग्री भी जब्त करेंगे। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक जय उपाध्याय ने की। इसी प्रकार 3 मवेशी गोशाला भिजवाए।

# चांदनी चौक क्षेत्र में पांच व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चांदनी चौक क्षेत्र के दुकानदार व फुटकर व्यापारियों द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। इसके तहत प्रकाश धानमंडी पर 1000, जगदीश मंत्री धानमंडी पर 500, अब्बास भाई चांदनी चौक पर 250, राजेश माली, शोएब चांदनी चौक पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में नहीं फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाइश दी गई। कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में गंदगी करने पर जमीन पर बैठकर व्यवसाय करने वालों पर 50 रुपये व ठेलागाड़ी पर व्यवसाय करने वालों पर 100 रुपये का स्पाट फाइन किए जाने के साथ ही सामग्री भी जब्त की जाएगी।

**बकाया वसूली शिविर**

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की लगाए जा रहे हैं। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 01 दिनांक 18/02/2021

**स्वच्छ सर्वेक्षण** • फाइनल सर्वे 3 मार्च के बाद कभी भी हो सकता है, मई में आएगा परिणाम, सर्विस लेवल प्रोग्राम में ज्यादा पिछड़ रहा है नगर निगम

# दावा 73 प्रतिशत अंक का, कचरा कलेक्शन और सफाई में कमजोर, निगरानी व दस्तावेज बनाने तैनात किए दो एक्सपर्ट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मार्च में होने वाली सफाई की सालाना परीक्षा के लिए शहर तैयार हो रहा है। सड़कों, बाजार और कॉलोनियों की सफाई, रंगरोगन और आर्ट पेंटिंग बता रही है कि काम चल रहा है। बावजूद कचरा कलेक्शन, सफाई, शौचालयों की सफाई और डाक्यूमेंटेशन में स्थिति कमजोर है। इनकी निगरानी और दस्तावेजी कार्रवाई पूरी करने में सरकार ने दो एक्सपर्ट तैनात कर दिए हैं।

इनमें एक केपीएमजी इंडिया के प्रतीक मिश्रा, दूसरे सैडमेप के वसीम कुरैशी हैं। अभी की स्थिति में 6000 अंक वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में से निगम का दावा लगभग 4400 अंक की तैयारी का है। यानी देश के टॉप टेन शहरों में आना है तो निगम को लगभग 800 से 1000 अंक और बढ़ाना पड़ेंगे। इसके लिए निगम के पास 15 दिन का समय बचा है।

## मौजूदा स्थिति में निगम का इतने अंकों का दावा

### सर्विस लेवल प्रोग्रेस 1700/2400

- **तैयारी** - 54 कचरा कलेक्शन गाड़ियां 49 वार्ड से 82 से 85 टन कचरा रोजाना उठा रही हैं जबकि टारगेट 90 टन का है। जीपीएस मॉनिटरिंग के बावजूद गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच रहीं। कचरे में से 72% की कंपोस्टिंग व 34 टन सूखे कचरे की मटेरियल रिकवरी फेसेलिटी सेंटर द्वारा प्रोसेसिंग की जा रही है।

### प्रमाणीकरण 1300/1800

- **तैयारी** - जीएफएस स्टार रेटिंग में पिछले साल 5 स्टार के बदले शून्य रेटिंग मिली थी। इस बार भी 5 स्टार का दावा किया है, सर्वे होना बाकी है। ओडीएफ डबल प्लस सर्टिफिकेट निगम ने 500 अंक पक्के कर लिए हैं। वाटर प्लस के 700 अंक मिलने में भी मुश्किल है क्योंकि दोनों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू नहीं हुए हैं।

### सिटीजन वाइस 1400/1800

- **तैयारी** - करीब 90 हजार लोगों को फीडबैक देना है। अब तक वोटर फोर सिटी एप से 37051, एसएस पोर्टल से 24559 और 1969 टोल फ्री नंबर से 35 सहित 61645 फीडबैक दे चुके। टारगेट पूरा करने करीब 28355 का और फीडबैक लेना है। बीते साल एक से तीन लाख तक की आबादी 382 शहरों में निगम ने बेस्ट स्माल सिटी इन सिटीजन फीडबैक अवॉर्ड जीता था।

## अच्छी रैंकिंग के लिए ये कोशिश

- 210 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई क्योंकि वे सफाई व्यवस्था में गैरहाजिर मिले।
- 1120 से ज्यादा लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के लिए स्पॉट फाइन वसूला जा चुका है।
- शहर को सुंदर बनाने के लिए 12000 से ज्यादा वर्ग फीट में आर्ट पेंटिंग, लगभग इतनी और होना है।
- 52 से ज्यादा दुकानदार व फुटकर विक्रेताओं पर जुर्माना क्योंकि डस्टबिन नहीं रख रखे थे।
- 49 वार्ड में कचरा कलेक्शन गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम से मॉनिटरिंग की जा रही।
- 1120 सफाई कर्मचारियों को ड्रेस का वितरण, झाड़ू, हाथ गाड़ियां, हैंड ग्लव्स भी दिए जा रहे।
- फायर लॉरियों से सार्वजनिक शौचालयों की सफाई शुरू की थी, लेकिन अब नियमित नहीं हो रही।
- यातायात में बाधक बनने वाले वाहनों को उठाने के निगम ने कबाड़ से जुगाड़ लगाकर क्रेन बनाई।

## और ये है जमीनी हकीकत

- 55 में 42 कचरा कलेक्शन गाड़ियां ही 49 वार्डों में चल रहीं इसलिए 4 से 5 टन कचरा कम उठ रहा है।
- मुख्य सड़कों की तो सफाई हो रही है लेकिन कॉलोनियों की अंदरुनी सड़कों व गलियों में कई जगह नियमित सफाई नहीं होने से कचरा पड़ा रहता है।
- प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर निगम अब तक बड़े डस्टबिन नहीं लगा पाया है। बीते साल 50 से अधिक स्थानों पर लगाए थे।
- गीले व सूखे कचरे का 100 प्रतिशत सेग्रिगेशन नहीं हो पा रहा। कचरा कलेक्शन वाहनों के हेल्पर भी ध्यान नहीं दे रहे। ट्रेंचिंग ग्राउंड में भी लापरवाही।
- सार्वजनिक सुलभ व सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई नहीं हो रही, बीच में अच्छी व्यवस्था बनी थी, लेकिन फिर ढिलाई शुरू हो गई है।
- चेतावनी और कार्रवाई के बावजूद कर्मचारी सुबह सफाई ठीक से सफाई नहीं कर रहे। दरोगाओं की लापरवाही से कई रोजाना गैर-हाजिर रहते हैं।
- आयुक्त के निरीक्षण बंद करने के बाद से मॉनिटरिंग सिस्टम कमजोर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मैदान में तो नजर आ रहे हैं, लेकिन व्यवस्था में कसावट नहीं ला पा रहे।

## सीधी बात

सोमनाथ झारिया, नगर निगम आयुक्त

- **सवाल - स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में कितनी रैंकिंग मिलने की उम्मीद?**
- **जवाब** - हमारी तैयारी तो शहर को सफाई में नंबर वन की पोजिशन पर लाने की है। सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुसार सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं।
- **सवाल - कचरा पूरी तरह नहीं उठ पा रहा है?**
- **जवाब** - ऐसा नहीं है, पहले 75 से 80 टन उठ रहा था, अब यह 85 टन तक पहुंच गया है। इसके लिए कचरा कलेक्शन गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। सुधार जरूरी है, वह भी करेंगे।
- **सवाल - स्वच्छ सर्वेक्षण की क्या तैयारी चल रही है?**
- **जवाब** - ओडीएफ डबल प्लस का प्रमाणीकरण हो गया है। स्टार रेटिंग में 5 स्टार का आवेदन कर दिया है। सर्वे के बाद रेटिंग मिलेगी। पेंटिंग, कर्मचारियों को ड्रेस, सेग्रिगेशन, कचरा प्रोसेसिंग सहित अन्य इंतजाम भी किए हैं।